दिनांक : 24.09.2024 समय : 02.10pm

प्रादेशिक समाचार

प्रधानमंत्री-स्वदेश वापसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अमरीका की तीन दिन की सफल यात्रा के बाद नई दिल्ली के लिए रवाना हो गए हैं। उन्होंने डेलावेयर में छठे क्वाड लीडर्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लिया और न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा में भविष्य के शिखर सम्मेलन को संबोधित किया। श्री मोदी ने न्यूयॉर्क में भारतीय समुदाय की एक सभा को भी संबोधित किया।

कैबिनेट बैठक

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में आज कैबिनेट की बैठक हुई । इसमें सोयाबीन खरीदी को लेकर फैसला हुआ। 25 अक्टूबर से 31 दिसबंर तक सोयाबीन खरीदी की जाएगी। इसके लिए 25 सिंतबर से 20 अक्टूबर तक पंजीयन किया जाएगा। इसके साथ ही विधानसभा अध्यक्ष , उपाध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष द्वारा इनकम टैक्स स्वंय भरने का निर्णय लिया गया है । इसके अलावा कई अन्य निर्णय भी बैठक में लिए गए।

सरकार 100 दिन/किसान, नरसिंहपुर

केंद्र में मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के 100 दिन पूरा होने पर नरसिंहपुर जिले की किसानों ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि 2014 से जब से केंद्र में मोदी सरकार आई है तब से किसानों के जीवन में बड़ा बदलाव आया है और उनकी आर्थिक स्थिति में काफी सुधार हुआ है। इसके साथ ही साथ पीएम आवास जैसी योजनाओं का लाभ भी किसानों को मिला है जिससे किसानों के जीवन स्तर में बदलाव आया है।

स्वच्छता ही सेवा

स्वच्छ भारत अभियान अंतर्गत स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता थीम पर प्रदेश में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं । केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ,भारत सरकार, क्षेत्रीय कार्यालय छिंदवाड़ा द्वारा स्वच्छता ही सेवा 2024 की थीम स्वभाव स्वच्छता - संस्कार स्वच्छता के तहत आज जगन्नाथ शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छिंदवाड़ा में स्वच्छता की शपथ दिलाई गई एवं स्वच्छता ही सेवा की संपूर्ण जानकारी दी गई।

आगरमालवा जिले के सुसनेर में कल नगर परिषद के कर्मचारियों द्वारा नगर में जागरूकता रैली निकालकर सीएमओ ओपी नागर ने सभी कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। नर्मदापुरम जिले के पर्यटन स्थल पचमढी में बेगम पैलेस, चंपक लेक और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया। जहां स्वच्छता श्रमदान की गतिविधि के अंतर्गत इन परिसरों से लगभग 50 किलोग्राम प्लास्टिक संग्रहित किया गया। खण्डवा में कल जन-जागृति बाईक रैली, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. नार्गाजुन बी. गौड़ा द्वारा हरी झंडी दिखाकर जिला अस्पताल परिसर से रवाना की गई। रैली में स्वच्छता का संदेश देते हुये नागरिको से अपील की गई कि अपने घर व आसपास साफ-सफाई रखें।

आयुष्मान पखवाड़ा

20 से 30 सितंबर तक आयुष्मान आपके द्वार थीम पर आयुष्मान पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। खंडवा में कल आयुष्मान पखवाड़ा जन-जागृति बाईक रैली, जिला अस्पताल परिसर से निकाली गई । प्रभारी सी.एम.एच.ओ. एवं आयुष्मान नोडल अधिकारी डॉ. रश्मि कौशल ने बताया कि रैली के माध्यम से पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाने व 5 लाख तक निःशुल्क उपचार का लाभ उठाने व 70 वर्ष से अधिक उम्र के नागरिको का आयुष्मान कार्ड बनाने, के लिए सरकार की योजना के बारे मे जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि पखवाड़ा के दौरान स्वास्थ्य संस्थाओं में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन कर

निःशुल्क जांच उपचार का लाभ हितग्राहियों को दिया जायेगा और पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड व आभा आई.डी. बनाई जा रही हैं।
आज श्री दादाजी धूनीवाले जिला चिकित्सालय खंडवा में दादाजी नर्सिंग कॉलेज द्वारा आयुष्मान भारत योजना पर नुक्कड़ नाटक किया गया। जिसमें बच्चों द्वारा नाटक के माध्यम से लोगों को जन जागरूकता का संदेश दिया।

मौसम

प्रदेश में एक बार फिर मानसून सक्रिय हो गया है। आज से अगले तीन दिन तक प्रदेश में तेज बारिश का दौर बना रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी में लो प्रेशर एरिया सक्रिय हो गया है। इस वजह से प्रदेश के दक्षिणी और पूर्वी हिस्सों में बारिश का दौर चलेगा।

मौसम विभाग ने बताया कि, अगले 24 घंटे के दौरान झाबुआ, धार, बड़वानी, इंदौर, खरगोन, बैतूल, पांढुर्णा, बालाघाट में तेज बारिश का अलर्ट है।

कुछ समाचार संक्षेप में .....

- शहडोल जिले में नवसाक्षरों के लिए मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक मूल्यांकन परीक्षा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत 29,500 नवसाक्षरों ने परीक्षा दी है।
- शिवपुरी जिले से 170 कृषकों का एक कृषक अध्ययन भ्रमण दल कल रवाना किया गया है। यह दल सात दिवस में राज्य के बाहर के जिलों में कृषि की विभिन्न नवीनतम तकनीकियों का अवलोकन एवं कृषि वैज्ञानिकों से चर्चा करेगा।
- आगरमालवा जिले के दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण वितरण हेतु जिले के विकास खण्डों में चिन्हांकन शिविरों का आयोजन आज से किया जाएगा।
- नीमच जिले के सभी राजस्व अधिकारियों की बैठक 30 सितम्बर को आयोजित की जा रही है। बैठक में समग्र ई-केवायसी की प्रगति, पी एम किसानयोजना, सीएम

किसान योजना, सीएम हेल्पलाईन में दर्ज शिकायतों के निराकरण, शासन संधारित मंदिरों जैसे कई प्रकरणों की समीक्षा की जावेगी।

....